आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

दैनिक भास्कर

कुल पृष्ठ 18 राजस्थान मूल्य ₹ 5.00 (यंग भास्कर, ऐच्छिक ₹ 10.00)

dainikbhaskar.com झुंझुनूं, शुक्रवार, 28 मार्च, 2025 चैत्र, कृष्ण पक्ष-14, 2081 12 राज्य | 61 संस्करण

शेखावाटी भास्कर

झुंझुनूं, शुक्रवार, 28 मार्च, 2025 झुंझुनूं • चिड़ावा • पिलानी नवलगढ़ • मुकुंदगढ़ • सूरजगढ़ dainikbhaskar.com

शहर-समाज

सीरी में पेटेंट फाइलिंग गोष्ठी में कानूनी पहलू और ड्राफ्टिंग की जानकारी दी

पिलानी. सीरी पिलानी में कार्यक्रम में उपस्थित वैज्ञानिक व शोधकर्ता।

पिलानी | सीरी पिलानी में सीएसआईआर यूआरडीआईपी व आईपीयू के सहयोग से दो दिवसीय पेटेंट फाइलिंग गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इसका उद्देश्य वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को पेटेंट फाइलिंग की प्रक्रिया, बौद्धिक संपदा प्रबंधन तथा नवाचार संरक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। यूआरडीआईपी के प्रमुख एवं वैज्ञानिक डॉ. किशोर श्रीनिवासन, प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. प्रफुल्ल मलवडकर, प्रधान वैज्ञानिक पी. वेंकटारमन, आईपीयू में वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. गौरव कृष्णन तथा प्रधान वैज्ञानिक डॉ. कपिल आर्य आमंत्रित अतिथि थे। प्रतिभागियों को अलग-अलग सत्रों में पेटेंट से जुड़ी रणनीतियां, कानूनी पहलू, पेटेंट ड्राफ्टिंग और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए सीरी के निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने कहा कि अनुसंधान व नवाचार की सुरक्षा और व्यावसायिक उपयोगिता सुनिश्चित करने के लिए पेटेंट फाइलिंग अत्यंत आवश्यक है। संचालन सीरी में वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक एवं आईपी यूनिट प्रमुख डॉ. नीरज कुमार ने किया। डॉ. पंचारिया ने विशेषज्ञों को शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। गोष्ठी में वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों ने भाग लिया।